राष्ट्रीय सहारा - 07/08/2023 पेज - 5

डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 10 वां रैंक

पूसा (एसएनबी)। डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय ने अपने कुशल कर्मियों के बदौलत देश भर के केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों में दशवां रैंक हासिल करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति प्राप्त कर लिया है। इन तमाम स्थिति व परिस्थितियों के बावजूद भी कुलपति डा पीएस पांडेय के नेतृत्व में वैज्ञानिक एवं कर्मियों के सतत सकारात्मक प्रयास से बेहतर करना संभव हो पाया है। विवि लगातार नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विश्वविद्यालय ने एक बार फिर से देश भर के विश्वविद्यालयों में दसवी रैंक हासिल किया है। इस रैंकिंग में देश के कई विश्वविद्यालयोंं को शामिल किया गया । यह रैंकिंग विश्वविद्यालय में शिक्षा अनुसंधान और प्रसार के विभिन्न कार्यक्रमों के आधार पर किया गया। बता दें कि विश्वविद्यालय के छात्र भी लगातार उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे है। हाल ही मे 123 छात्रोंं ने नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर नई कामयाबी हासिल की है। कुलपति डा पीएस पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिये यह गर्व की बात है कि एक स्वतन्त्रं नियामक संस्था ने अच्छी रैंकिंग दी है लेकिन विश्वविद्यालय कर्मियों को इससे संतुष्ट नहीं होना चाहिये । विश्वविद्यालय. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने को लेकर लगातार सक्रिय है और वो दिन ज्यादा दूर नहीं जब हमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अच्छी रैंकिंग हासिल होगी। निदेशक शिक्षा डा एमएन झा ने कहा कि विश्वविद्यालय लगातार अच्छी रैंक हासिल कर रहा है। छात्रों के प्रदर्शन मे भी उल्लेखनीय प्रगति हो रही है।



रैंक के साथ दिखता प्रशासनिक भवन एवं कुलपति (इनसेट में)।